हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

04 राजा बनने से ज्यादा महत्वपूर्ण है राजा बनाने वाला बनना...



07 अशोकनगर कृषि उपज मंडी में मक्का की 40000 बोरी माल की आवक



राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

गुना में 1 नवंबर को होगी तृतीय ओपन नॉकआउट शतरंज प्रतियोगिता

गुना। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 1 नवंबर 2026 को गुना में तृतीय ओपन नॉकआउट शतरंज प्रतियोगिता 2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिला शतरंज संघ एवं रॉयल ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को बिना किसी प्रवेश शुल्क के अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के संबंध में बजाज लाइफ इंश्योरेंस के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज सिंह भदौरिया एवं जिला शतरंज संघ के सचिव शंकर सिंह राठौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। आयोजन का उद्देश्य शतरंज खेल को प्रोत्साहित करना तथा खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का संचालन सुनील शर्मा सर द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर शतरंज प्रेमियों एवं खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल रहने की उम्मीद है। प्रतियोगिता प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक महाराणा प्रताप पार्क, संजय स्टेडियम में होगी।

चेतना साहित्य एवं कला परिषद की काव्य गोष्ठी संपन्न



गुना। चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना द्वारा शरद पूर्णिमा एवं महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सदर बाजार स्थित मुरली धोकर मंदिर में काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामवीर शर्मा ने की। मुख्य अतिथि जगदीश प्रसाद शर्मा, विशेष अतिथि ज्योति विश्वकर्मा तथा सारस्वत अतिथि रमेश मंगल रहे। सरस्वती वंदना श्रीमती ज्योति विश्वकर्मा ने प्रस्तुत की। गोष्ठी का संचालन उमाशंकर भार्गव ने किया। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की रामायण रचना का उल्लेख करते हुए कहा कि हर घर में रामायण का पारायण होना चाहिए। वरिष्ठ कवि विष्णु साथी ने महावीर के प्रेम और आध्यात्मिकता पर रचना प्रस्तुत की। अध्यक्ष रामवीर शर्मा ने महंगाई पर व्यंग्य करते हुए कहा कि वर्ष 2026 में त्योहारों की बाढ़ मार गई, बाकी जो बचा उसे महंगाई मार गई। ज्योति विश्वकर्मा ने राम और ऋषियों से संबंधित भावपूर्ण कविता सुनाई। गीतकार हरीश सोनी ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन प्रसंग से जुड़ी रचना प्रस्तुत की। इस अवसर पर पी. शर्मा, भक्ति ओझा, तनी मंगल, उमेश मंगल, गोपाल अग्रवाल, निरंजन भाया कसेरा, आशी मंगल, बिलंब, अमित शर्मा उर्फ बबलू तथा डॉ. सुरेंद्र भार्गव सहित अन्य साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

सुबह एक साथ चलेंगी दो डाक, दोपहर में केवल मक्का की नीलामी

गुना। मंडी में कृषि उपज की नीलामी व्यवस्था में बदलाव किया गया है। नई व्यवस्था के तहत सुबह एक साथ दो डाक चलेंगी, जबकि दोपहर में केवल मक्का की नीलामी की जाएगी। इस बदलाव का उद्देश्य मंडी में नीलामी प्रक्रिया को व्यवस्थित करना और किसानों को उपज बेचने में सुविधा प्रदान करना है। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार, सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक नीलामी की प्रक्रिया चलेगी।

कलेक्टर ने दो जरूरतमंदों को दिलाई आर्थिक सहायता

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए आर्थिक रूप से कमजोर दो जरूरतमंद नागरिकों को रेडक्रॉस सोसायटी गुना के माध्यम से कुल 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई।शीतला माता रोड, गुना निवासी महबूब रईन ने अपनी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण सहायता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री कन्याल ने आवेदक की स्थिति को देखते हुए 10 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की। इसी प्रकार बूढ़े बालाजी निवासी भारती नामदेव को आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से सहायता की मांग की गयी थी।

नेशनल हाईवे से हटाए 32 अतिक्रमण 5 किलोमीटर तक चली कार्रवाई

12 अवैध कट भी किए बंद, पहले 42 कट हटाने की हो चुकी है कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



राष्ट्रीय राजमार्गों को अतिक्रमण मुक्त बनाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चांचौड़ा अनुभाग में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन तथा एसडीएम अमित कुमार सोनी के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बनी छोटी-बड़ी दुकानों सहित पक्के और कच्चे निर्माण हटाए गए। अभियान के तहत कुल 32 अतिक्रमण हटाकर लगभग 5 किलोमीटर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने 12 अवैध कट भी बंद किए गए। यह कार्रवाई माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के राष्ट्रीय राजमार्गों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के निर्देशों के क्रम में की गई। प्रशासन द्वारा राजमार्ग पर यातायात को सुरक्षित और सुचारु बनाए रखने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

चांचौड़ा अनुभाग से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे कई स्थानों पर छोटी-बड़ी दुकानें और पक्के एवं कच्चे निर्माण किए गए थे। इन अतिक्रमणों के कारण सड़क किनारे उपलब्ध स्थान प्रभावित हो रहा था। प्रशासन ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 32 अतिक्रमण हटाए। इससे करीब 5 किलोमीटर के हिस्से में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी की गई।अभियान के दौरान संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। प्रशासन का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना और सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से अवैध कट भी गंभीर समस्या बन सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई के दौरान 12 अवैध कट बंद किए गए। प्रशासन के अनुसार, इससे पहले भी 42 अवैध कट हटाने की कार्रवाई की जा चुकी है। इस प्रकार राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कटों को बंद करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अवैध कटों के कारण वाहन चालक कई बार निर्धारित प्रवेश और निकास व्यवस्था का पालन किए बिना सड़क पार करते हैं या अचानक मुख्य मार्ग पर पहुंच जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ सकती है। अवैध कट बंद होने से यातायात को व्यवस्थित करने और सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं तहसील चांचौड़ा की रेणु कांसलीवाल, बीनागंज चौकी प्रभारी नीरज लोधी, नेशनल हाईवे के असिस्टेंट मैनेजर पार्थ जाट सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया सिटी कोतवाली का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद योजना कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, गुना के विद्यार्थियों ने आज सिटी कोतवाली पुलिस स्टेशन गुना का भ्रमण किया। सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुमन लता श्रीवास्तव के आदेश अनुसार एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. कैप्टन मनोज कुमार भिरोरिया, डॉ. ब्रजेश दोहरे के मार्गदर्शन में कॉलेज बस से पंजीकृत छात्रों को सिटी कोतवाली गुना ले जाया गया सिटी कोतवाली प्रभारी टीआई श्री राजकुमार शर्मा ने सभी का स्वागत किया। पुलिस स्टेशन में संचालित विभिन्न शाखाओं, अभिलेख कक्ष, ऊर्जा महिला हेल्पडेस्क, बाल मित्र कक्ष एवं विभिन्न आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

इसके बाद एएसपी प्रशांत सिंह सुमन ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें कानून के प्रति जागरूक रहने, पुलिस के साथ भ्रमुक्त साझेदारी करने एवं विद्यार्थियों को उनकी जिम्मेदारियां से अवगत कराया साथ ही कुछ विशेष हेल्पलाइन नंबर, की जानकारी दी। सब इंस्पेक्टर सिटी सतीश सवैया ने विद्यार्थियों को शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका तथा नागरिकों की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। इसी के बाद सभी छात्रों को बस के द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम का भ्रमण कराया जहां पर कंट्रोल रूम प्रभारी विकास उपाध्याय ने पुलिस कंट्रोल रूम के संचालन की प्रक्रिया का प्रदर्शन करके दिखाया।

साड़ियों, सूट, चूड़ियों और ज्वेलरी की दुकानों पर बढ़ी चहल-पहल

करवा चौथ को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक, खरीदारी में जुटीं महिलाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

करवा चौथ के पर्व को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। त्योहार की तैयारियों के बीच कपड़ों, ज्वेलरी, चूड़ी, कॉस्मेटिक्स और शृंगार सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की आवाजाही दिखाई देने लगी है। बाजारों में सजी दुकानों और रंग-बिरंगे परिधानों के बीच त्योहार का उत्साह नजर आ रहा है। सुहागिन महिलाएं व्रत की तैयारियों के साथ अपनी पसंद के कपड़े, आभूषण और शृंगार का सामान खरीदने में जुटी हैं। त्योहार नजदीक आने के साथ बाजार में खरीदारी का माहौल और तेज होने की उम्मीद है। करवा चौथ भारतीय परंपरा में वैवाहिक जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए व्रत रखती हैं। पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह रहता है। यही वजह है कि त्योहार से पहले बाजारों में कपड़ों और शृंगार सामग्री की मांग बढ़ने लगती है। महिलाएं पूजा की तैयारियों के साथ-साथ अपने पारंपरिक पहनावे और साज-सज्जा पर भी विशेष ध्यान देती हैं।

साड़ियों और आकर्षक परिधानों की ओर रुझान

करवा चौथ पर पारंपरिक परिधान पहनने की परंपरा के चलते साड़ियों और सूट की दुकानों पर महिलाओं की दिलचस्पी बढ़ जाती है। महिलाएं अपनी पसंद, डिजाइन और बजट के अनुसार कपड़ों का चयन कर रही हैं। पारंपरिक रंगों के साथ आकर्षक डिजाइन वाले परिधानों को भी पसंद किया जा रहा है। कई महिलाएं पर्व के लिए विशेष पोशाक तैयार कराती हैं, जबकि कुछ महिलाएं तैयार कपड़ों की खरीदारी को प्राथमिकता देती हैं। त्योहार के अवसर पर पहनावे के साथ मेल खाते आभूषणों और शृंगार सामग्री की भी जरूरत होती है। करवा चौथ के सोलह शृंगार में आभूषणों और चूड़ियों का विशेष महत्व है। पर्व के मद्देनजर महिलाएं अपनी पोशाक के अनुरूप गहने और चूड़ियां चुनती हैं। ज्वेलरी शोरूम से लेकर छोटी दुकानों तक त्योहार के लिए खरीदारी का माहौल बनने लगा है। इसके अलावा कॉस्मेटिक्स की दुकानों पर भी शृंगार से जुड़ी सामग्री की मांग रहती है।

कोचों में मकड़जाल और शौचालयों की बदहाली से यात्री नाराज

कोटा-बीना मेमू ट्रेन में गंदगी का अंबार, यात्रियों को हो रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कोटा-बीना-कोटा मेमू ट्रेन संख्या 11603/11604 में साफ-सफाई की बदहाल स्थिति को लेकर यात्रियों में नाराजगी है। यात्रियों का आरोप है कि ट्रेन के कई कोचों में गंदगी और मकड़जाल फैला हुआ है, वहीं शौचालयों की स्थिति भी खराब है। इसके चलते यात्रियों को असुविधा के बीच सफर करना पड़ रहा है। यात्रियों के अनुसार, कई बोगियों में मकड़जाल लगा हुआ है, जिससे साफ-सफाई की नियमितता पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, शौचालयों में गंदगी के कारण उनका उपयोग करना भी मुश्किल हो रहा है। यात्रियों का कहना है कि ट्रेन में सफाई की कमी से सफर असुविधाजनक होने के साथ स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं भी बढ़ती हैं।

रेलवे में ट्रेनों की साफ-सफाई और तकनीकी जांच के लिए अनुरक्षण डिपो में समय निर्धारित किया जाता है। इसके बावजूद कोटा-बीना मेमू ट्रेन में गंदगी की शिकायतें सामने आना अनुरक्षण व्यवस्था की निगरानी पर सवाल खड़े करता है। यात्रियों का कहना है कि यदि निर्धारित समय पर कोचों की सफाई और निरीक्षण किया जाता है, तो बोगियों में मकड़जाल और शौचालयों में गंदगी क्यों बनी हुई है। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों के कार्यों की नियमित निगरानी करने और सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने की मांग की है।

रेल यात्रा के दौरान स्वच्छ वातावरण और साफ शौचालय यात्रियों की बुनियादी जरूरतों में शामिल हैं। खासकर लंबी दूरी तक यात्रा करने वाले यात्रियों को कोचों में साफ-सफाई की अपेक्षा रहती है। लेकिन ट्रेन में गंदगी होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि रेलवे प्रशासन को केवल निर्धारित प्रक्रियाओं तक सीमित न रहकर सफाई की वास्तविक स्थिति पर भी ध्यान देना चाहिए। कोचों की नियमित सफाई, शौचालयों की स्वच्छता और अनुरक्षण कार्यों की निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से कोटा-बीना-कोटा मेमू ट्रेन के सभी कोचों और शौचालयों की नियमित सफाई कराने, अनुरक्षण डिपो में होने वाले कार्यों की जांच करने तथा जिम्मेदार कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। साथ ही, अन्य मेमू ट्रेनों में भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने की अपील की है।

विभिन्न पदों की पूर्ति हेतु परीक्षा

गुना। समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिला शिक्षा केंद्र गुना में सहायक परियोजना समन्वयक (अकादमिक/कम्युनिटी मोबिलाइजेशन) एवं जनपद शिक्षा केंद्रों में विकासखंड स्रोत समन्वयक के पदों की पूर्ति हेतु राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार लिखित परीक्षा उत्कृष्ट उ.मा.वि. गुना में 28 अक्टूबर 2026 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा में 19 पात्र लोकसेवकों में से 16 लोकसेवक सम्मिलित हुए। परीक्षा संदीपनी प्राचार्य श्री आशीष टांटिया केंद्राध्यक्ष की देखरेख में संपन्न हुई। कलेक्टर प्रतिनिधि महिमा चौधरी, डिप्टी कलेक्टर गुना की उपस्थिति में प्रश्नपत्र बंडल खोलने, परीक्षा पर्यवेक्षण एवं परीक्षा उपरांत परीक्षा सामग्री



पैकिंग का कार्य संपन्न हुआ। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्वक संपन्न हुई।

जिला जेल का किया निरीक्षण

गुना। जिला जेल गुना का निरीक्षण सह विधिक जागरूकता शिविर संपन्न हुआ। जेल निरीक्षण के दौरान राधाकिशन मालवीय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना द्वारा समस्त पुरुष बंदी बैरक एवं महिला बंदी बैरक का निरीक्षण कर बंदियों के खान पान, पीने के पानी की व्यवस्था, उनके स्वास्थ्य आदि के बारे में जानकारी ली गई। इसके साथ ही बंदियों से चर्चा कर उनके प्रकरणों की वर्तमान स्थिति, अपील, अधिवक्तागण, बंदियों की मुलाकात, संबंधी जानकारी ली गई। उक्त अवसर पर सर्वेश चतुर्वेदी जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता योजना, लीगल एड डिफेंस काउंसेल



सिस्टम, प्लीबारगेनिंग, जमानत संबंधी अधिकार के साथ-साथ माननीय उच्चतम एव उच्च न्यायालय के समय-समय पर पारित आदेशों के दिशा निर्देश के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाकर जागरूक किया गया।

नियमों के तहत कॉलोनी विकसित करने वाले बिल्डर-कॉलोनाइजर को मिलेगा सहयोग

गुना में कॉलोनी विकास की हर सप्ताह होगी समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर में सुनियोजित आवासीय विकास को बढ़ावा देने, नागरिकों को बेहतर कॉलोनियां एवं विवाद रहित भूखंड उपलब्ध कराने और बिल्डर-कॉलोनाइजर की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने कहा कि नियमों के अनुरूप कॉलोनियां विकसित करने वाले बिल्डर एवं कॉलोनाइजर को प्रशासन का सहयोग मिलेगा।

इसके लिए प्रत्येक सप्ताह समीक्षा की जाएगी, ताकि नियमानुसार काम करने वाले व्यवसायियों को अनावश्यक परेशानी न हो और शहर के विकास कार्यों को गति मिल सके। साथ ही, कॉलोनी विकास से संबंधित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए नगरपालिका में विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। बुधवार को कलेक्टर किशोर कुमार कन्यादल की उपस्थिति में आयोजित बैठक में संयुक्त कलेक्टर संदीप शिवा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी शैलेश अवस्थी सहित बिल्डर एवं कॉलोनाइजर उपस्थित रहे। नियमों के साथ विकसित करें कॉलोनियां, नागरिकों के हितों का रखें ध्यान

बैठक में कलेक्टर कन्याल ने कहा कि बिल्डर एवं कॉलोनाइजर शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए कॉलोनी विकसित करते समय रेरा (RERA), टाउन एंड कंट्री प्लानिंग तथा भवन निर्माण संबंधी आवश्यक अनुमतियां सुनिश्चित की जाएं।

भूमि विवाद रहित हो तथा सभी वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए ही विकास कार्य किए जाएं। विशेष रूप से आदिवासी एवं अन्य संरक्षित श्रेणियों की भूमि से संबंधित कानूनी प्रावधानों का कड़ाई से पालन किया जाए। किसी भी स्थिति में सरकारी भूमि पर अनधिकृत कब्जा अथवा भूमि संबंधी नियमों का उल्लंघन न हो। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में कई बार ऐसी शिकायतें सामने आती हैं, जिनमें कॉलोनी में सड़क, अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराने अथवा किए गए वादों को पूरा नहीं करने की बात कही जाती है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए बिल्डर-कॉलोनाइजर को शुरुआत से ही नियमानुसार विकास कार्य करने और नागरिकों से किए गए वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

इससे व्यवसायियों की विश्वसनीयता बढ़ेगी और भूखंड या मकान खरीदने वाले लोगों को भी भविष्य में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का सपना होता है कि उसका अपना अच्छा घर हो और वह बेहतर सुविधाओं वाली कॉलोनी में रहे। बिल्डर एवं कॉलोनाइजर ऐसी कॉलोनियां विकसित करें, जहां व्यवस्थित सड़कें, आवश्यक मूलभूत सुविधाएं और नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप सेवाएं उपलब्ध हों।

दिव्यांश महाविद्यालय की छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम

बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में दीप शिखा मीना ने 82 प्रतिशत अंकों के साथ किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

दिव्यांश महाविद्यालय, गुना के बीएड द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता से महाविद्यालय में हर्ष और उत्साह का माहौल है। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन, नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन के बल पर शानदार परिणाम हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। घोषित परीक्षा परिणाम में महाविद्यालय की छात्रा दीपशिखा मीना ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, भूमिका रघुवंशी ने 80.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रिया शिवहरे ने 79.5 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई। तीनों विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि को निरंतर मेहनत, अनुशासन और शिक्षा के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है।

समाचार संक्षेप

पुलिस ने दो नाबालिग बालिकाओं को गुजरात से किया दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार



कुंभराज। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में कुंभराज थाना पुलिस ने दो नाबालिग बालिकाओं के अपहरण के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें गुजरात के बड़ोदरा से सुरक्षित दस्तयाब किया और आरोपी मंगल उर्फ मंगलेश (22), निवासी इंद्रा कॉलोनी, कुंभराज को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, 15 सितंबर 2026 को 17 एवं 16 वर्षीय दो बालिकाओं के लापता होने की सूचना पर अपराध क्रमांक 168/26 दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की गई थी। पुलिस ने 25 अक्टूबर को दोनों बालिकाओं को बड़ोदरा से बरामद किया। कथनों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म संबंधी धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गईं। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन, एसडीओपी चाचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी निरीक्षक अमित अग्रवाल और उनकी टीम द्वारा की गई।

2 नवंबर को चाचौड़ा में दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का होगा भव्य स्वागत



चाचौड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा 2 नवंबर को चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करेगी। यात्रा के आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह है। चाचौड़ा-बीनागंज में विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।प्रिंस पब्लिक स्कूल के ब्रजकिशोर माली ने बताया कि स्कूल के सामने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। वहीं, स्थानीय धर्मशाला में माली समाज की ओर से स्वागत कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने बताया कि दिग्विजय सिंह के प्रयासों से माली समाज को धर्मशाला के लिए जगह उपलब्ध हुई थी, इसी के चलते समाज की ओर से उनका स्वागत किया जाएगा।इसके अलावा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना बल्लू चौहान (कालापहाड़) की ओर से भी यात्रा के स्वागत की तैयारी की जा रही है। चाचौड़ा-बीनागंज में विभिन्न स्थानों पर स्वागत की रूपरेखा बनाई गई है। रात्री विश्राम चाचौड़ा बीनागंज रोड पर रायल पैलेस में रहेगा स्थानीय नेता सौरभ यादव, गजेंद्र सिंह ठेकेदार, नारायण सिंह मंडल, शिवराज सिंह, डॉ. संजय मीणा, श्याम मीणा ,रिंकू सिंह रामजी रणजीत सिंह, मनोज सिंह सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भी यात्रा के स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। यात्रा के आगमन पर क्षेत्र में जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दोनों नगर में अभी पोस्टर बैनर लगा दिए गए हैं।

राघौगढ़ में श्रमण धारा प्रवचनमाला में समझाया योग्य नेतृत्व का महत्व

राजा बनने से ज्यादा महत्वपूर्ण है राजा बनाने वाला बनना: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, प्रवचन वाचस्पति, ओजस्वी वक्ता एवं बुंदेली आशुकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने राघौगढ़ में आयोजित श्रमण धारा प्रवचनमाला में "राजा बनाने वाले का महत्व" विषय पर मंगल प्रवचन दिए। मुनि श्री ने कहा कि राजा से अधिक सम्मान कई बार राजा बनाने वाले को मिलता है। राजा को पद और प्रतिष्ठा मिलती है, लेकिन योग्य व्यक्ति को राजा बनाने वाले का सम्मान स्वयं राजा भी करता है।

उन्होंने आचार्य चाणक्य और सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य का उदाहरण देते हुए बताया कि चाणक्य ने मगध के राजा धनानंद द्वारा अपमानित किए जाने के बाद योग्य शासक को सिंहासन पर बैठाने का संकल्प लिया। उन्होंने चंद्रगुप्त को शिक्षा, राजनीति, कूटनीति और अर्थशास्त्र में पारंगत कर सम्राट बनाया।

चंद्रगुप्त मौर्य भी आचार्य चाणक्य का अत्यंत सम्मान करते थे। मुनि श्री ने कहा कि राष्ट्रप्रेम और दूरदर्शिता से प्रेरित व्यक्ति स्वयं राजा बनने के बजाय योग्य राजा बनाने का कार्य करता है। उन्होंने राष्ट्रप्रेम और वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। साथ ही सोनिया गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का उदाहरण देते हुए नेतृत्व और सम्मान की भावना पर प्रकाश डाला। जैन इतिहास का उल्लेख करते हुए मुनि श्री ने आचार्य अकलंक एवं निकलंक, तथा आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज और आचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रसंगों के माध्यम से धर्म रक्षा, त्याग और गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज द्वारा दीक्षित अनेक मुनि देशभर में जैन धर्म की प्रभावना बढ़ा रहे हैं।

मुनि श्री ने कहा कि पद प्राप्त करना ही सबसे बड़ी उपलब्धि नहीं है, बल्कि योग्य व्यक्तियों को आगे बढ़ाना अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने लालकृष्ण आडवाणी का उदाहरण देते हुए भाग्य और पद प्राप्ति के विषय पर भी विचार रखे।

प्रवचन के अंत में मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने अपनी स्वरचित लोकप्रिय कविता "अभी उन्हें अपना पता ही नहीं है" का पाठ किया। उनके प्रेरणादायी प्रवचनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को राष्ट्रप्रेम, त्याग, समर्पण और योग्य नेतृत्व का संदेश दिया।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया के पोस्टर हटाने पर गहराया विवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

नगरपालिका राघौगढ़ द्वारा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पोस्टर हटाए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर संबंधित सीएमओ एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि 27 अक्टूबर 2026 की रात करीब 9 बजे नगरपालिका के कचरा वाहन और कर्मचारियों द्वारा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पोस्टर हटाए गए। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस घटना से संबंधित फोटो और वीडियो उनके पास उपलब्ध हैं।

ज्ञापन में नगरपालिका के सीएमओ पर एकपक्षीय तरीके से कार्य करने का आरोप लगाते हुए उन्हें और संबंधित कर्मचारियों को तत्काल निलंबित करने की मांग की गई है। साथ ही, भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति रोकने की अपील की गई है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि दो दिनों के भीतर सीएमओ एवं संबंधित कर्मचारियों के निलंबन की कार्रवाई नहीं की गई, तो 30 अक्टूबर 2026 को विधानसभा में नेता हीरेंद्र सिंह बंटी बना के नेतृत्व में तहसील कार्यालय के सामने विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

रामलीला के 6वें दिन केवट संवाद का हुआ मनोरम मंचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

श्री हनुमानजी रामलीला के छठवें दिन केवट संवाद का भावपूर्ण एवं मनोरम मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय ने दर्शकों को देर रात तक भावविभोर रखा। भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। रामलीला में दिखाया गया कि वनवास के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण शृंगवेरपुर पहुंचे, जहां उनकी निषादराज से भेंट हुई। इसके बाद गंगा तट पर केवट से गंगा पार कराने के लिए नाव मांगी गई। केवट ने भगवान के चरणों की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जिनके चरण स्पर्श से पत्थर की शिला नारी बन गई, कहीं उनकी नाव भी कुछ और बन गई तो वह अपने परिवार का पालन-पोषण कैसे करेगा। केवट ने भगवान श्रीराम के चरण पखारे और उन्हें नाव में बैठाकर गंगा पार कराई। माता सीता ने केवट को उतराई देने के लिए अपनी अंगूठी निकालनी चाही, लेकिन केवट ने यह कहते हुए मना कर दिया कि जो पूरे संसार को भवसागर से पार लगाते हैं, उन्हें वह गंगा पार करा रहा है।

दीपावली बाद होगा रामलीला मंचन



आरोन। सनातन हिन्दू उत्सव समिति के तत्वधान में श्री दास हनुमान रामलीला समिति की बैठक का आयोजन श्री दास हनुमान मंदिर पर की गयी जिसमे सर्व सममति सें 13 नबंवर 2026 सें रामलीला का मंचन किया जाएगा । साथ ही समिति की कार्यकारिणी का विस्तार कर श्री गोपाल शर्मा (बबलू) गोविंदपुर बालों को सर्वसममती सें उपाध्यक्ष बनाया गया समिति के सभी सदस्यों कि ओर सें सभी नगर वासियों सें इस सनातन संस्कृति के धार्मिक आयोजन को निरंतरा के लिए तन मन और धन सें सहयोग और समर्थन करने की अपील भी की गयी है इस अवसर पर कमेटी के संरक्षक भगवानलाल शर्मा सनातन हिन्दू उत्सव रामलीला कमेटी के अध्यक्ष हरिओम सेजी, कोषाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा देवरी, सचिव कैलाश सिंह शिक्षक, रामचरण साहू, वीर सिंह शिक्षक गोपाल परिहार आदि मौजूद रहे।

बीनागंज में भाजपा की गोष्ठी, 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



बीनागंज के संस्कृति गार्डन में भारतीय जनता पार्टी की ओर से 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें जिले के भाजपा पदाधिकारियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। गोष्ठी में वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए लोकतंत्र, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और विपक्ष की भूमिका पर चर्चा की।गोष्ठी में वक्फ बोर्ड के अनिमेष भार्गव ने अपने विचार रखते हुए कहा कि युवाओं को भ्रामक प्रचार से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र खतरे में होने का प्रचार विपक्ष की राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच जाकर तथ्यों के साथ चर्चा करें, ताकि किसी प्रकार का भ्रम न फैले। उन्होंने विदेशी फंडिंग को लेकर भी सवाल उठाए और सार्वजनिक मंचों पर चर्चा करने की बात कही।वक्ताओं ने एसआईआर के मुद्दे पर कांग्रेस पर लोगों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का उद्देश्य पात्र मतदाताओं के नाम सुनिश्चित करना तथा अपात्र एवं फर्जी प्रविष्टियों को हटाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे इस विषय में लोगों को जागरूक करें और तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखें।गोष्ठी में चाचौड़ा विधायक प्रियंका पेची, भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, जिला भाजपा उपाध्यक्ष जगदीश मीना, जिला महामंत्री टिल्लू रघुवंशी, जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव,मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न मीना, सुनीता प्रदीप नाटानी, किसान मोर्चा के रामसेवक मीणा सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जल संरक्षण के लिए मैदान में उतरे नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया, पानी बचाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



इस वर्ष अल्प वर्षा के चलते अमाही तालाब में पानी का स्तर कम होने से आगामी दिनों में नगर में पेयजल संकट की आशंका बढ़ गई है। इस स्थिति को देखते हुए नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा जल संरक्षण को लेकर विशेष पहल की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया स्वयं मैदान में उतरकर नागरिकों को पानी बचाने के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, सीएमओ विनोद उन्नीतान, उपयंत्री भानू कुशवाहा एवं जल प्रदाय शाखा के अमले के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे। जहां-जहां नलों से जलप्रदाय किया जा रहा है, वहां पहुंचकर नागरिकों को पानी का अनावश्यक उपयोग न करने की समझाइश दी जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि इस बार बारिश कम होने के कारण जल स्त्रोतों में पानी की उपलब्धता प्रभावित हुई है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह पानी की एक-एक बूंद का महत्व समझे। नल से उतना ही पानी भरें, जितना आवश्यक हो, और पानी भरने के तुरंत बाद नल बंद कर दें। पानी को व्यर्थ न बहाएं और दूसरों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आज हम पानी बचाने के लिए जागरूक होंगे, तभी आने वाले कल में पेयजल संकट से बच सकेंगे। जल संरक्षण केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नगरवासी का कर्तव्य है। सभी के सामूहिक प्रयासों से ही पानी की उपलब्धता को बनाए रखा जा सकता है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी लोकेन्द्र रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पवन और यशवंत रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुराना बाजार निवासी प्रिंस जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकुमार यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत माधौगढ़ निवासी लक्ष्मण पारदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दिलवाग और जीतू पारदी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुम्हारिया निवासी गुडडी बाई बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजू, बिन्दु, ललिता, गोलू, बंटी, बंदना, प्रभान, शिशुपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

तहसीलदार चंदेरी ने होटल एवं मिठाई दुकानों का किया निरीक्षण

अशोकनगर। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चंदेरी मनीष धनगर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बुधवार को नगर स्थित होटल, रेस्टोरेंट एवं मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जैन स्वीट्स, शंकर लस्सी हाउस, श्रीकृष्णा रेस्टोरेंट, अमित होटल एवं महावीर जैन भोजनालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में तहसीलदार दिलीप दरोगा, नायब तहसीलदार शिवसिंह कोरकू, खाद्य विभाग एवं पटवारी मुकेश नगरपालिका चंदेरी के कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से दुकानों में उपलब्ध मिठाइयों की गुणवत्ता, साफ-सफाई एवं खाद्य पदार्थों के रख-रखाव की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान शंकर लस्सी हाउस में मिठाई की गुणवत्ता को देखा गया कुछ मिठाई ठीक न होने से मिठाई को हटवाकर नष्ट कराया गया। इसके अतिरिक्त संबंधित दुकान संचालकों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने, साफ-सफाई रखने तथा खाद्य सामग्री को स्वच्छ एवं सुरक्षित तरीके से रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिन दुकानों पर साफ-सफाई में कमी पाई गई, वहां संबंधित दुकान संचालकों के विरुद्ध मौके पर जुर्माना अधिरोपित कर राशि की रसीद प्राप्त की गई। प्रशासन द्वारा होटल, रेस्टोरेंट एवं मिठाई दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए।

144 स्कूल के प्राचार्य/संस्था प्रधानों को नोटिस

कार्य में लापरवाही बरतने पर शिक्षा विभाग के अधिकारी हुए सख्त

डी.ई.ओ./डी.पी.सी. ने 144 स्कूलों के खिलाफ खराब प्रदर्शन को लेकर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले में शिक्षा विभाग अन्तर्गत संस्थाओं में दर्ज बच्चों को भारत सरकार के यू-डाइज प्लस पोर्टल पर दर्ज न करने से जिला प्रदेश में बॉटम में स्थित है, ऐसी स्थिति को देखते हुए जिले के जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक ने जिले के ऐसे 144 स्कूलों के प्राचार्य/संस्था प्रधानों को नोटिस जारी किये हैं। जिन्होनें एज्यूकेशन पोर्टल पर दर्ज बच्चों के समान यू-डाइज पोर्टल पर बच्चों की संख्या समान नहीं की है। ऐसी स्थिति में राज्य स्तर से लगातार समीक्षा दौरान अप्रिय स्थिति निर्मित हो रही है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के पोर्टल पर स्कूल प्रोफाइल, शिक्षक प्रोफाइल एवं स्टूडेन्ट प्रोफाइल दर्ज करना प्रत्येक संस्था प्रभारी को आवश्यक है।

जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने बताया है कि 144 ऐसे स्कूलों को नोटिस जारी किये गये हैं, जिन्होंने एज्यूकेशन पोर्टल पर दर्ज बच्चों की संख्या यू-डाइज पोर्टल पर दर्ज संख्या से 15 बच्चों से अधिक का अन्तर पाया गया है। साथ ही जिले में लक्ष्य 164566 के विरुद्ध 151798 ही हो पाया है जो 92 प्रतिशत है, यू-डाइज प्लस के ड्रापबाक्स में अभी भी 15247 बच्चे पड़े हुए है, जिन्हें स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को इम्पोर्ट कराने अथवा उनकी बास्तविक स्थिति दर्ज करना अनिवार्य है। जिला परियोजना समन्वयक राहुल शर्मा ने बताया है कि यू-डाइज में खराब स्थिति के संबंध में कुछ समय पहले 10 जनशिक्षा केन्द्रों के जनशिक्षकों को भी नोटिस जारी कराये गये हैं। सभी बी.आर.सी./जनशिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि जो बच्चे स्कूलों में दर्ज हैं उन्हें तत्काल प्रभाव से यू-डाइज पोर्टल पर इम्पोर्ट करें।

पंजाबी महिला विकास समिति ने प्री-करवा चौथ आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पंजाबी महिला विकास समिति ने प्री करवा चौथ का आयोजन किया। इस अवसर पर करवा चौथ थीम पर गेम खिलाए गए ,हाउजी खिलाई गई एवं सभी महिलाओं ने अपने-अपने पति की लंबी आयु की कामना करते हुए इस थीम पर भी गेम खेला। जीतने बाले मेमर्स को पुरस्कार दिए गए। सभी महिलाओं ने अपने-अपने हाथों में मेहंदी रचवाई एवं डांस कर एन्जॉय किया। सभी को रिटर्न गिफ्ट भी दिया गया इस अवसर पर अध्यक्ष मीता सदाना, सचिव रौशनी गेरा, कोषाध्यक्ष सोनिया अरोरा,ऋचा, डिंपल पवन प्रिया पूनम प्रियंका रानी अनु रिंकी रश्मि डोली आदि समिति की 40 मेंबर्स ने अपनी उपस्थिति दी।

पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में वॉलीवाल और रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में छात्र परिषद के क्रीडा सचिव के चयन हेतु क्रीडा प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। जिसमे छात्रों ने वालीवाल एवं रस्साकसी प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमे वालीवाल में संस्था की इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मैकेनिकल ब्रांच की टीमों के मध्य फाइनल मैच खेला गया जिसमे से इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच की टीम ने फाइनल मुकाबले को जीता। इसके बाद संस्था के ग्राउंड में छात्राओं की रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल ब्रांच की टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं की इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सिविल ब्रांच की टीमों के मध्य फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमे इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच की टीम ने उसको जीत लिया। तत्पश्चात छात्रों की रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मैकेनिकल ब्रांच की टीमों के मध्य फाइनल मुकाबला हुआ जिसमे मैकेनिकल ब्रांच की टीम ने उसको जीत लिया।

उपरोक्त प्रतियोगिता के अतिरिक्त गोला फेक एवं लम्बी कूद का भी आयोजन संस्था के ग्राउंड में किया जाना है। इन प्रतियोगिताओं में सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र अथवा छात्रा का चयन छात्र परिषद में क्रीडा सचिव के पद पर किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन संस्था के क्रीडा प्रभारी अनिल धकाते के निर्देशन में किया गया, प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में संस्था के नागेन्द्र धूपर, आशु गुरहा, हेमंत सुमन, प्रशांत रघुवंशी, आनंद कुमार उके,योगेश तिवारी, सतपाल सिंह चैधरी, प्रवीण उरैया, संजय अहिरवार, सुनील जाटव, पुरषोत्तम ठाकुर, आदि का विशेष सहयोग रहा। इस के दौरान संस्था के प्राचार्य डॉ. बी. के. गुप्ता, व्याख्याता मोनेश जैन, मनीष वैद्य, सचिन शर्मा, अभिषेक सोनी आदि स्टाफ मेम्बेर्स सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।



नेत्र शिविर में 101 मरीजों की हुई जांच



अशोकनगर। करुणा निधि सेवा समिति अशोकनगर के तत्वाधान में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से राष्ट्रीय अन्धत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत रोटरी भवन विदिशा रोड अशोकनगर में 101 मरीजों की जांचकर, 26 मरीजों को चिन्हित कर भोजन कराकर, ऑपरेशन के लिए श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय सद्गुरु नगर आनंदपुर तहसील लटेरी जिला विदिशा भेजा गया द्य इसमें रोटरी का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर डॉ. एके शुक्ला, डॉ शिव गनेश, करुणा निधि सेवा समिति अध्यक्ष माधव सिंह रघुवंशी, कोषाध्यक्ष पारस चंद जैन, सह सचिव प्रदीप शर्मा, मानकचन्द जैन रोटरी अध्यक्ष विजय चौधरी, अजीत जैन, मौजूद रहे।

एकता से हमारा अस्तित्व कायम रहता बिखराव से हमारा पतन है : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि एकता से हमारा अस्तित्व कायम रहता है और बिखराव से हमारा पतन होता है। इस युग में संघ में ही शक्ति निहित है। हमारे मन भले न मिलें परन्तु मत मिले रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन, एकता वह शक्ति है, जिसके माध्यम से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। तख्त पर नहीं, वक्त पर एकता की और संगठन की सख्त जरूरत होती है। यद्यपि शहद की मक्खियाँ कमजोर होती हैं, फिर भी वे सब मिलकर मधु निकालने वाले के प्राण तक ले लेती हैं, वैसे ही निर्बल पुरुष भी इकट्ठे होकर बलवान शत्रु का नाश कर सकते हैं। यदि कोई पाँच सौ का नोट दे तो सभी लेने को तैयार हो जाते हैं किन्तु यदि वह उस नोट के टुकड़े-टुकड़े कर दे और फिर दे तो कोई लेने को तैयार नहीं होता। इसका अर्थ अखण्ड की कीमत है, अखण्ड में शक्ति है, अतः हम सभी को एक होकर रहना चाहिये। सभी को एक रखना है तो स्वयं हमें भी कई बार कई तरह के समझौते करने पड़ते हैं। जो परिस्थिति को समझ कर सही समझौता करता है वह संसार का सबसे सुखी व्यक्ति कहलाता है। इसलिये परस्पर समझौते के साथ सामंजस्य कीजिये इसी से सुखों का स्वर्ग बनेगा।दुनिया परिकल्पनाओं और विचारों से नहीं अपितु जनमत से चलती है। संगठन आधुनिक युग का एक कारगर हथियार है। जैन धर्म का सबसे बड़ा पर्व अष्टाह्निका महापर्व आ रहा है जिसे सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा पूरे विश्व में बड़े भक्ति भावों के साथ मनाया जाता है।

जगह की कमी को लेकर मोहरी स्टेडियम की मांग, ज्वांइट डायरेक्टर ने निरीक्षण किया

अशोकनगर कृषि उपज मंडी में मक्का की 40000 बोरी माल की आवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय पर कृषि उपज मंडी में मक्का की रिकॉर्ड तोड़ आवक हो रही है। 40000 बोरी माल की आवक आने के बाद मंडी में जगह की कमी पड़ गई है। हालत यह है कि किसानों को कृषि उपज मंडी में अपने ट्रैक्टर ट्राली खड़ा करने की जगह भी नहीं मिल रही है। जिसे लेकर मंडी प्रशासन ने मांग की है कि जो मंडी के बगल में मोहरी स्टेडियम खाली पड़ा है, उस स्थान को ट्रैक्टर ट्राली खड़ा करने के लिए मंडी प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए ताकि जो ट्रैक्टर ट्राली स्टेडियम में खड़ी होगी उनकी नीलामी बोली भी वहीं की जा सके।



मंडी में मक्का के दाम 2500 प्रति क्विंटल

इससे पहले 2 वर्षों में मोहरी स्टेडियम में ट्रैक्टर ट्राली लगाने की सुविधा दी गई थी लेकिन इस वर्ष अभी तक यह सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है जिसके कारण मंडी में किसानों को अपने ट्रैक्टर ट्राली या तो बेतरतीबी से खड़ा करना पड़ रही है या फिर जगह की तलाश करना पड़ रही है। अशोकनगर कृषि उपज मंडी के सचिव प्रेम सिंह मीणा ने बताया कि मंडी में इन दिनों आने वाले किसानों को मक्का के दाम 2500 प्रति क्विंटल के मिल रहे हैं। इस बार किसानों को मक्का में दाम अच्छे मिलने से उनके चेहरों पर मुस्कुराहट है। हालत यह है कि मंडी में रिकॉर्ड तोड़ होने के कारण मंडी को आय भी अच्छी हो रही है।

मंडी की आय गत वर्ष से 215 प्रतिशत अधिक

मंडी सचिव ने बताया कि मंगलवार को मंडी में आवक का आंकड़ा 1 अक्टूबर से 26 अक्टूबर के बीच 19 लाख 21474 पर पहुंच गया। जबकि गत वर्ष यह आय 6 लाख 93984 थी। इस वर्ष 215 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो अब तक का एक रिकॉर्ड है। आने वाले दिन मंडी में आएगी बंपर आवक के होंगे, मंडी में अगर आवक की बात करें तो अब तक मक्का की आवक 21773 क्विंटल हो चुकी है जबकि सोयाबीन की 5573 क्विंटल हुई है गेहूं की आवक 5000 क्विंटल हुई है हुई है। अशोकनगर जिला मुख्यालय पर इस समय दो मंडियां है एक पुरानी मंडी काम कर रही है और एक नई मंडी काम कर रही है स्थिति यह है कि व्यापारियों के पास नई मंडी में फड़ों की संख्या कम है जिसके कारण कई व्यापारी अपने माल को पुरानी मंडी में ले जाकर फड़ पर तोल करा रहे हैं। जिसके कारण एक मंडी से दूसरे मंडी जाने वाले मार्ग पर रास्ता बंद हो जाता है।

सचिव मंडी में ट्रैक्टर ट्रॉली लगवाते हुए देखे गए

मंडी सचिव द्वारा मौके पर पहुंचकर सभी ट्रैक्टर ट्रॉलियों को व्यवस्थित लगाया जा रहा है और जब भी किसी किसान की समस्या आती है तो उसकी मौके पर निराकरण किया जा रहा है। कृषि उपज मंडी के संयुक्त जॉइंट डायरेक्टर डीके शर्मा मंडी बोर्ड के निर्देश पर अशोकनगर मंडी का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बताया कि मंडी बोर्ड से आदेश मिले हैं संभाग में जितने भी स्थान पर मंडियां काम कर रही है उन सभी स्थानों पर मंडियो में किसान और व्यापारियों को कोई समस्या नहीं होना चाहिए कोई भी समस्या आ रही है तो उसका निराकरण किया जाए। उसकी जांच पड़ताल करने यहां पर आए हैं और मंडी के अधिकारियों के साथ चर्चा की है यहां पर मंडी का काम बेहतर होना पाया गया है।

गल्ला व्यापारियों ने ज्वाइंट डायरेक्टर से मुलाकात की

इस दौरान ग्रैन मर्चेंट एसोसिएशन की ओर से भी पदाधिकारियों अशोक जैन अध्यक्ष और सचिव राजेश पॉलीवाल ने उनसे मुलाकात की। इस दौरान उन्हें बताया कि मंडी में धर्म कांटे से जो माल की तौल की जाती है वह 90 किलो के हिसाब से होती है और तुलावटों द्वारा एक क्विंटल के पैसे मांगे जाते हैं इसलिए इस व्यवस्था को सही किया जाए। क्योंकि मैन्युअल कांटे पर भी 90 किलो ही चलता है इसी तरह मंडी में तुलावटो नई भर्ती की जाए आज भी दो मंडी होने के बाद कुछ तुलावटों की संख्या 125 है। 10 साल से मंडी में तुलाटवों की नई भर्ती नहीं हुई है जिसके कारण 125 तुलावट दोनों मंडियां संभाल रहे हैं। उनको एक व्यापारी के यहां से दूसरे व्यापारी के यहां जाना पड़ता है जिससे समय लगता है। धर्मकांटे से खुलकर आने वाले माल के लिए भी इंतजार करना पड़ता है तब जाकर मशीन पर पर्ची निकल पाती है। ऐसी व्यवस्था की जाएगी तो तुलावटों का इंतजार न करना पड़े और व्यापारी के मुनीम द्वारा उसको चढ़ा दिया जाए इस तरह की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया। जिस पर उन्होंने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

साइबर अपराधियों के अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश

2 आरोपियों से कार, लैपटॉप, मोबाइल, सिम कार्ड, बैंकिंग किट, एटीएम कार्ड व आधार कार्ड बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थाना प्रभारी नईसराय उपनिरीक्षक आशुतोष गुप्ता ने एक संगठित अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए आरोपियों के कब्जे एवं उनकी निशानदेही पर अपराध में प्रयुक्त अनेक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैंकिंग दस्तावेज, सिम कार्ड, लग्जरी कारें एवं अन्य संदिग्ध सामग्री जब्त की है। पुलिस की इस कार्यवाही से देश के विभिन्न राज्यों में सक्रिय साइबर ठगी एवं संदिग्ध बैंक खातों के माध्यम से वित्तीय लेन-देन करने वाले नेटवर्क के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में अपराध में प्रयुक्त एवं आरोपियों से संबंधित 2 लग्जरी कारें, बड़ी संख्या में मोबाइल फोन, लैपटॉप, दूरसंचार में प्रयुक्त मेन पैक सेट, एयरटेल एवं बीएसएनएल के सैकड़ों यूज्ड एवं अनयूज्ड सिम कार्ड, एयरटेल पेमेंट बैंक एवं फिनो पेमेंट बैंक सहित विभिन्न बैंकों की खाता संबंधी वेलकम किट, एटीएम/डेबिट कार्ड, आधार कार्ड, अन्य पहचान संबंधी दस्तावेज तथा नगदी सहित भारी मात्रा में संदिग्ध सामग्री जब्त की गई है। जब्त सामग्री एवं दस्तावेजों की विस्तृत जांच की जा रही है, जिससे इनके वास्तविक उपयोग, वित्तीय लेन-देन तथा संभावित साइबर अपराधों से संबंधों का पता लगाया जा सके।

व्यक्तियों के दस्तावेजों से बैंक खाते खुलवाकर बेचने का आरोप: प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि गिरोह के सदस्य अन्य व्यक्तियों के आधार कार्ड एवं पहचान संबंधी दस्तावेजों का दुरुपयोग कर बैंक खाते खुलवाने तथा उन खातों को अन्य लोगों को उपलब्ध कराने/बेचने के माध्यम से संदिग्ध वित्तीय लेन-देन में संलिप्त थे। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इन बैंक खातों का उपयोग किन-किन साइबर अपराधों में किया गया तथा इनके माध्यम से कितनी राशि का लेन-देन हुआ है। साथ ही, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज शिकायतों एवं अन्य राज्यों से प्राप्त होने वाले संभावित आपराधिक संबंधों की भी जांच की जा रही है।

पुलिस बनकर 30 लाख रुपये ठगी की योजना का भी किया खुलासा

गिरफ्तार आरोपी छोटू उर्फ चंद्रपाल पुत्र हरि सिंह यादव, निवासी ग्राम पिपरौदा कला, थाना कैंट, जिला गुना तथा दीपक पुत्र रामदयाल ओझा, निवासी नानाखेड़ी, जिला गुना से पुलिस रिमांड पर की जा रही पूछताछ में एक अन्य गंभीर घटनाक्रम की जानकारी सामने आई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने ग्राम रुसल्ली निवासी रंजीत यादव एवं अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर आगरा निवासी राजू उर्फ पवन से लगभग 30 लाख रुपये ठगने की योजना बनाई थी। इस योजना के तहत पुलिस बनकर राजू उर्फ पवन को पकड़ा गया था तथा रुपयों के सेटलमेंट को लेकर बातचीत चल रही थी। इसी दौरान नईसराय पुलिस की टीम द्वारा दबिश दिए जाने के कारण कथित योजना सफल नहीं हो सकी। आरोपियों ने यह भी बताया कि उक्त घटनाक्रम में टाटा नेक्सॉन सहित दो अन्य कारें शामिल थीं, जिनमें से कारों में सवार कुछ व्यक्ति पुलिस की कार्यवाही के दौरान मौके से फरार हो गए। आरोपियों के अनुसार, उनके साथ आए कुछ व्यक्तियों के पास पुलिस विभाग में प्रयुक्त होने वाले मेन पैक सेट थे तथा वाहनों पर पुलिस का मोनोग्राम लगा हुआ था, जिससे वे वास्तविक पुलिसकर्मियों जैसे प्रतीत हो रहे थे। पुलिस द्वारा इन तथ्यों की जांच की जा रही है तथा फरार व्यक्तियों, वाहनों और कथित रूप से पुलिस का रूप धारण कर किए गए कृत्यों के संबंध में साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, डिजिटल सर्विलांस एवं फील्ड स्तर पर प्राप्त जानकारियों के आधार पर कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा उनकी निशानदेही पर विभिन्न प्रकार की संदिग्ध सामग्री जब्त की। गिरफ्तार आरोपियों से गिरोह के अन्य सदस्यों, संदिग्ध बैंक खातों, वित्तीय लेन-देन, साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतों तथा अंतरराज्यीय नेटवर्क के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में सामने आने वाले तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

मंडी से मक्का बेचकर घर लौट रहे किसान की ट्रैक्टर ट्रॉली बीच रास्ते में बने कुए में गिरी

नीचे दबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम लखेरी निवासी मुकेश पुत्र शिवशंकर योगी दो युवकों के साथ मंडी में फसल बेचकर अपने घर वापस लौट रहा था, तभी सहोदरी और लखेरी के बीच सड़क के पास बने कुए में ट्रेक्टर ट्राली गिर गई। इस घटना में दो लोग घायल हो गए, जबकि एक युवक की मौत हो गई। घटना के बारे में बताया गया है कि मण्डी में फसल बेचने के बाद मुकेश अपने दो साथियों गब्बू जोगी उम्र 27 साल और अरबिंद जोगी उम्र 25 साल के साथ ट्रेक्टर ट्राली से घर लौट रहे थे, ट्रेक्टर के पीछे एक ट्राली लगती है लेकिन इस ट्रेक्टर के पीछे एक ट्राली तो लगी थी ही एक ओर ट्राली पीछे लगा रखी थी। जिस जगह से यह ट्रेक्टर गुजर रहा था, वहां अचानक ट्रेक्टर सड़क किनारे बने कुए में जा गिरा।



घटना की जानकारी मिलने के बाद देहात पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची, यह घटना रात की होने के कारण अंधेरे में रेसक्यू करने में समस्या आ रही थी। इस घटना में ट्रेक्टर ट्राली निकालने के लिए क्रेन की मदद ली गई, जिससे कुए के अंदर से ट्रेक्टर ट्राली को देर रात तक बाहर निकाला गया। इस घटना में मुकेश जोगी की मौत हो गई है जबकि शेष दो युवक घटना के दौरान कूंदकर अपनी जान बचाने में सफल हो गए। इस तरह के कुए सड़कों के किनारे जिन जिन मार्गों पर बने हैं, वह रास्ते से निकलने वाले वाहनो के लिए मौत का कारण बने हैं, इन पर शख्त कार्यवाही की जाना चाहिए।

बकाया राशि पर बिजली विभाग के तीखे तेवर

चार ट्रांसफार्मर जब्त, 7 लाख की हुई राजस्व वसूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा

विद्युत वितरण केंद्र शाढ़ोरा के अंतर्गत बिजली कंपनी ने बकाया राजस्व वसूली को लेकर कड़ा रुख अपना लिया है। सहायक प्रबंधक नरेंद्र प्रताप के नेतृत्व में चलाए गए सघन अभियान के दौरान भारी भरकम बकाया होने पर चार ट्रांसफार्मरों को लाइन से उतारकर जब्त कर लिया गया। वहीं कार्रवाई के दौरान विभाग ने मौके से करीब 7 लाख रुपये की राजस्व वसूली भी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार जलालपुर और चिरौली फील्ड यूनिट सहित सबडिवीजन की संयुक्त टीम तथा सुरक्षा बल की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में 6 लाख रुपये से अधिक का बकाया होने पर 4 ट्रांसफार्मरों को जब्ती में लेकर कार्यालय में रखवा दिया है।

हिनोदा में 100 केवीए पंप ट्रांसफार्मर पर बकाया राशि 2.94 लाख रुपये, भरखा में 25 केवीए फुलवाई वाला पर बकाया राशि 1.63 लाख रुपये, परवई में 63 केवीए ट्रांसफार्मर पर



बकाया राशि 90,487 रुपये और कवराई में 25 केवीए लक्ष्मण सिंह वाला पर बकाया राशि 56 हजार रुपये है। कार्रवाई में जलालपुर फील्ड यूनिट से अमित ठाकुर, सबडिवीजन से रामलाल कुशवाहा, अरुण रघुवंशी, मनोज जाटव तथा चिरौली फील्ड यूनिट से नीलम सिंह रघुवंशी, कपिल शर्मा, करण यादव, सुनील जाटव एवं विभागीय सुरक्षा बल के जवान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

किसान अस्थाई कनेक्शन लेकर ही चलाएं मोटर

सहायक प्रबंधक नरेंद्र प्रताप ने सभी कृषि उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की असुविधा और विद्युत चोरी के प्रकरणों से बचने के लिए अपने कृषि पंपों के बिजली बिलों का समय पर भुगतान करें। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि कृषि कार्य हेतु केवल अस्थाई पंप कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करें। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि जब तक संबंधित उपभोक्ता पूरा बकाया जमा नहीं करेंगे, तब तक ट्रांसफार्मर दोबारा नहीं लगाए जाएंगे।

पुलिस ने महिला की हत्या के 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थाना बहादुरपुर पुलिस ने महिला की हत्या के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए तीनों आरोपियों को मात्र 2 घंटे में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। उल्लेखनीय है कि 27 अक्टूबर 2026 को फरियादी संतराम अहिरवार, निवासी ग्राम गोराचक्क की रिपोर्ट पर पुरानी रंजिश को लेकर उसकी मां गायत्री बाई अहिरवार के साथ मारपीट एवं कुल्हाड़ी से सिर पर वार करने से हुई मृत्यु के मामले में थाना बहादुरपुर में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम ने तत्परता से आरोपियों की तलाश करते हुए मुखबिर सूचना के आधार पर प्रकरण के आरोपी सीताराम अहिरवार, उम्र 48 वर्ष, आकाश अहिरवार, उम्र 25 वर्ष एवं काशीबाई अहिरवार, उम्र 46 वर्ष सभी निवासी ग्राम गोराचक्क, थाना बहादुरपुर, जिला अशोकनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। प्रकरण के शेष आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।



मुंगावली में चक्काजाम करने वाले दो दर्जन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर

अशोकनगर। 26 अक्टूबर को कस्बा मुंगावली में पुराने थाने के सामने कुछ लोगों द्वारा शव को मुख्य मार्ग पर रखकर चक्काजाम किया गया था। पुलिस द्वारा संबंधित लोगों को बार-बार समझाइश दी गई कि मामले में जांच उपरांत नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी, इसके बावजूद उनके द्वारा चक्काजाम जारी रखा गया। इससे मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित हुआ तथा आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा। साथ ही आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हुईं। उक्त घटना के संबंध में प्राप्त शिकायत पर थाना मुंगावली में दो दर्जन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस द्वारा वीडियो के आधार पर चक्काजाम में शामिल व्यक्तियों की पहचान की जाकर उनके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। अशोकनगर पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी घटना या विवाद के संबंध में अपनी शिकायत एवं मांगों को विधिसम्मत तरीके से पुलिस-प्रशासन के समक्ष रखें। कानून-व्यवस्था एवं यातायात बाधित न करें तथा पुलिस-प्रशासन द्वारा की जा रही वैधानिक कार्यवाही में सहयोग करें।

परेशानी: बालिका छात्रावास के रास्ते पर फैला कचरा

पिपरई। नगर परिषद के समीप स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास तक जाने वाला रास्ता बदहाल है। यहां न तो पक्की सड़क की व्यवस्था है और न ही कच्चा रास्ता साफ-सुथरा है। जगह-जगह गोबर और कूड़ा-करकट के ढेर लगे होने से छात्राओं को गंदगी के बीच से गुजरकर संदीपनी विद्यालय जाना पड़ रहा है।

छात्रावास की छात्राएं प्रतिदिन इसी रास्ते से विद्यालय आती-जाती हैं, लेकिन रास्ते की नियमित सफाई नहीं होने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर गंदगी और कूड़े के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। इस समस्या को लेकर पहले भी कई बार समाचार प्रकाशित



किए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से स्थिति जस की तस बनी हुई है। एक ओर शासन द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नगर परिषद के समीप स्थित बालिका छात्रावास के रास्ते पर फैली गंदगी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। छात्रावास के आसपास नियमित सफाई और आवागमन के लिए बेहतर सड़क की व्यवस्था नहीं होने से छात्राओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। छात्राओं ने संबंधित अधिकारियों से रास्ते की तत्काल सफाई कराने, कूड़ा- करकट हटवाने और आवागमन के लिए पक्की सड़क का निर्माण कराने की मांग की है।

कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य बने राजेश शर्मा



अशोकनगर। अशोकनगर शहर का एक मात्र कन्या हायर सेकंडरी स्कूल जिसमें शहर की व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से पढ़ने के लिए आने वाली छात्राओं जिनकी संख्या लगभग 1200 के वीच होंगी जिसमें विद्यालय में प्राचार्य के रिक्त पद पर वरिष्ठ कार्यालय द्वारा राजेश शर्मा क़ो प्राचार्य बनाया गया है। जिन्होंने स्कूल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए सभी स्टॉफ से मुलाक़ात की नवीन स्टॉफ से परिचय किया तथा सभी से अपने दिए गए दायित्वों का बिद्यालय हित में अपने कर्तव्यों का पालन सुनिश्चित करने क़ो कहा बिद्यालय परिवार के समस्त स्टॉफ सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर ने शाढौरा मंडी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय ने बुधवार को भ्रमण के दौरान तहसील शाढौरा कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी संचालन की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि मंडी में उपज की नीलामी प्रातरू 11 बजे से प्रारंभ की जाए। साथ ही तौलकांटों का भौतिक सत्यापन नापतौल विभाग से कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि मंडी में आने वाली ट्रेक्टर ट्रॉलियों का विधिवत रजिस्ट्रर संधारित किया जाए। कृषि उपज मंडी समिति शाढ़ौरा जी. एस. बैरवा द्वारा तहसील शाढ़ौरा के किसानों को सूचना दी गई है कि वर्तमान कृषि उपज मंडी शाढौरा जिला अशोकनगर परिसर में उपज की नीलामी की जाती थी। वर्तमान में मक्का उपज के 700-



800 ट्रेक्टर ट्रॉली की आवक होने से मंडी परिसर में स्थान की कमी हो रही है। साथ ही मंडी परिसर के पास रेल्वे क्रॉसिंग फाटक एवं तोल कांटे होने से जाम की स्थिति पैदा होती है। किसानो की सुविधा एवं मंडी नीलामी को व्यवस्थित करने की दृष्टि से नीलामी सिध्द बाबा की पठार नईसराय-फरदाई रोड पर चिन्हांकित किया गया है। सभी किसान बंधु अपने ट्रैक्टर ट्रॉली सिध्द बाबा की पठार पर अपने-अपने ट्रैक्टर ट्रॉली एवं वाहन खड़ा करेंगे। नीलामी सिध्द बाबा की पठार पर दिनांक 29 अक्टूबर से निरंतर चालू रहेगी। नीलामी समय सुबह 12 बजे से रहेगा।

जिले के चारों विखं से 200 से अधिक कलाकारों ने कार्यक्रम में सहभागिता की

जिला स्तरीय युवा उत्सव आयोजन में प्रतिभाओं ने दी प्रस्तुती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित 30वां जिला स्तरीय युवा उत्सव का कार्यक्रम बुधवार को अपर कलेक्टर डी.एन. सिंह के मुख्य आतिथ्य में रघुवंशी धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर कलेक्टर डीएन सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। युवा उत्सव के शुभारंभ अवसर पर अपर कलेक्टर ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी विधाओं में प्रतिभागी अपनी अपनी विद्या में बेहतर प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। प्रतिभाओं को मंच पर लाने की आवश्यकता होती है। सभी बच्चे अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करें। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश ने कहा कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा लगातार प्रतिवर्ष युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। युवा उत्सव में विभिन्न



विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इन कार्यक्रमों में स्थानीय लोक संस्कृति को प्रोत्साहित किया जाता है। प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर जाकर अपना नाम रोशन करें। कार्यक्रम में प्रथम प्रस्तुति राव माधव हायर सेकंडरी स्कूल छात्राओं द्वारा लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

सांस्कृतिक युवा उत्सव के अंतर्गत लोकगीत, लोकनृत्य, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला एवं कहानी लेखन की विधाओं में जिले के युवाओं कलाकारों ने मधुर प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की तालियां बटोरी। इस अवसर पर जिले के चारों विकास खंडों से लगभग 200 से अधिक युवा कलाकारों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की। समापन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, शिक्षा विभाग से एनीस जैन, श्रेया कंडोला जिला युवा अधिकारी द्वारा विजेता प्रतिभागियों एवं टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।लोकगीत में नेहरू महाविद्यालय प्रथम शक्ति ग्रुप द्वितीय एवं सांदीपनि विद्यालय महिदपुर तृतीय रहे। वहीं लोक नृत्य में राव माधव हायर सेकेंडरी ने प्रथम, सांदीपनि विद्यालय महीदपुर ने द्वितीय एवं पीएमश्री धुर्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नुक्कड़ नाटक में राव माधव हायर सेकेंडरी स्कूल प्रथम, नेहरू डिग्री कॉलेज में द्वितीय एवं एसपीएस विद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में नेहा रघुवंशी, प्रबल शर्मा एवं अर्चित जैन धर्मशाला, प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रहे एवं कविता लेखन में सृष्टि परिहार,गौरव राठौर,साक्षी पटवा ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग से वीरेंद्र कुमार, हर्षा झारिया, रेनू ओझा, राजेश कुशवाहा, मनीषा दुबे, राहुल सिसोदिया ने सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। निर्णायक के रूप में अन्नपूर्णा सिसोदिया, राजेंद्रजैन, अंकिता निगम, रश्मि रघुवंशी, रंजना गोस्वामी,प्रियंका जैन, निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे व मोहित शर्मा सांदीपनि विद्यालय पिपरई, तान्या गांधे सांदीपनि विद्यालय अशोकनगर से, ललित कंटोडे सांदीपनि विद्यालय थूबोन, रिशा अंसारी सांदीपनि विद्यालय महिदपुर से उपस्थित रहे।

प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा

जमीन, मकान व दुकान को लेकर की छोटे भाई की हत्या के दोषी भाई-भाभी को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

न्यायालय के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अतुल राज भलावी ने छोटे भाई की हत्या के मामले में दोषी बड़े भाई बाबूलाल पुष्पद और उसकी पत्नी सोना बाई पुष्पद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोनों दोषियों पर तीन-तीन हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। दोनों दोषी कीड़ी रोड, सारंगपुर, जिला राजगढ़ के निवासी हैं। शासन की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त लोक अभियोजक शिव प्रसाद शर्मा ने बताया कि घटना 15 अगस्त 2025 की सुबह करीब 7 बजे की है। जब पूरा देश स्वतंत्रता दिवस मना रहा था, उसी दौरान जमीन, मकान और दुकान के किराए से जुड़े विवाद में बाबूलाल और उसकी पत्नी सोना बाई ने अपने छोटे भाई कमल पुष्पद की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी। आरोप के अनुसार, सोना बाई ने हत्या में अपने पति का साथ दिया था।


मृतक कमल पुष्पद


दोषी सोना बाई


दोषी बाबूलाल पुष्पद

परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर सुनाया फैसला

घटना की सूचना मिलने पर सारंगपुर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। मामले में मृतक की माता प्रत्यक्षदर्शी थीं, लेकिन लकवा होने के कारण न्यायालय में उनके बयान दर्ज नहीं हो सके। ऐसे में अभियोजन का पूरा मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित रहा। अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में 18 गवाहों के बयान दर्ज कराए। इसके अलावा आरोपी बाबूलाल से जब्त कुल्हाड़ी और कपड़ों को परीक्षण के लिए एफएसएल भेजा गया था। गवाहों के बयानों और एफएसएल रिपोर्ट सहित प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को हत्या का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

मृतक की पत्नी को प्रतिकर दिलाने की अनुशंसा

प्रकरण में मृतक की पत्नी को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए मध्य प्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, 2015 के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़ को प्रतिकर प्रदान करने की अनुशंसा भी की गई है। मामले की संपूर्ण विवेचना सारंगपुर थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा ने की, जबकि शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक शिव प्रसाद शर्मा ने पैरवी की।

आंख फोड़ने के मामले में चार दोषियों को 5-5 साल का कारावास 25-25 हजार का अर्थदंड लगाया





सारंगपुर। एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसकी आंख फोड़ने के मामले में सारंगपुर न्यायालय ने चार दोषियों को पांच-पांच साल के सश्रम कारावास और 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश तरुण सिंह की अदालत ने साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर यह फैसला सुनाया। अतिरिक्त लोक अभियोजक बृज किशोर चौहान ने बताया कि ग्राम कड़िया सांसी निवासी अर्जुन, सतवीर, बसंत और चेतन ने 4 अप्रैल 2021 को शाम करीब 5.30 बजे पुरानी रंजिश के चलते एकमत होकर रामनारायण के साथ मारपीट की थी। आरोपियों ने फरसी और लात-घूंसों से हमला किया, जिससे रामनारायण की आंख फूट गई थी। मामले में बोड़ा थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया था। प्रकरण की सुनवाई द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश तरुण सिंह के न्यायालय में हुई। न्यायालय ने चारों को दोषी ठहराया।

ई-कचरा संग्रह अभियान से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पुराने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के सुरक्षित निस्तारण व पुनर्चक्रण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से होली एंजल्स किड्स एकेडमी द्वारा ई-कचरा संग्रह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से लोगों को पुराने और अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उचित निस्तारण करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

विद्यालय की इस पहल में ई-कचरा संग्रह पात्र में रखा पुराना की-बोर्ड लोगों को यह संदेश देता है कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब होने के बाद भी उनके सुरक्षित निस्तारण की जिम्मेदारी बनी रहती है। मोबाइल फोन, कंप्यूटर, चार्जर, टेलीविजन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपयोग के बाद ई-कचरे का हिस्सा बन जाते हैं। इन्हें सामान्य कचरे में फेंकने या असुरक्षित तरीके से नष्ट करने से पर्यावरण को नुकसान पहुंचने का खतरा रहता है। वहीं, इन उपकरणों में मौजूद कई उपयोगी सामग्रियों को पुनर्चक्रण के माध्यम से दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है।

ग्राम विकास को लेकर प्रस्फुटन समिति की बैठक संपन्न



सारंगपुर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सारंगपुर के अंतर्गत ग्राम बिलोदा पाल में जिला समन्वयक प्रवीण पवार के नेतृत्व में प्रस्फुटन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए समिति द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में वृक्षारोपण, नवांकुर संस्था के माध्यम से पौधों का वितरण, नारी शक्ति अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों, सुंदरकांड समिति के आयोजन, संस्कार केंद्र के संचालन तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग देने वाले कार्यकर्ताओं के प्रयासों पर चर्चा की गई। साथ ही गांव में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने और सामाजिक गतिविधियों में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान कार्य कराने पर विचार-विमर्श किया गया, ताकि ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को बढ़ावा मिल सके। बैठक की अध्यक्षता ग्राम सरपंच नारायण सिंह ने की।

सनातन धर्म के मूल आदर्शों मंदिरों में चढ़ावे की पारदर्शिता को लेकर निकाली पदयात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के माध्यम से सत्य, न्याय, सदाचार, शांति और धार्मिक आस्था के सम्मान का संदेश दिया जा रहा है। यात्रा से जुड़े संदेश में सनातन धर्म के मूल आदर्शों तथा धर्म के स्वाभिमान की रक्षा के संकल्प पर जोर दिया गया है। यात्रा के दौरान दिग्विजय सिंह की ओर से मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए जाने वाले दान की पारदर्शिता और जवाबदेही का मुद्दा भी उठाया जा रहा है। राम मंदिर में देशभर के श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए चढ़ावे के उपयोग और उससे जुड़ी कथित अनियमितताओं को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही मतदाता अधिकारों और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता से जुड़े विषय भी यात्रा के प्रमुख मुद्दों में शामिल हैं।यात्रा 28 अक्टूबर को राजगढ़ जिले के खुजनेर पहुंची। नगर में आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।

गुलावता के पंचमुखी हनुमान मंदिर से शुरू हुई पदयात्रा-निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 28 अक्टूबर को सुबह 8 बजे ग्राम गुलावता स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर से पदयात्रा प्रारंभ हुई।

एडवांस किड्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने किया उदयपुर का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के एडवांस किड्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने विद्यालय द्वारा आयोजित शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत राजस्थान के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल उदयपुर का भ्रमण किया।इस शैक्षणिक यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक स्थलों का अवलोकन कर ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त किए। विद्यालय के विद्यार्थी बसों के माध्यम से उदयपुर के लिए रवाना हुए। उदयपुर पहुँचने के बाद विद्यार्थियों ने सबसे पहले पिछोला झील, सिटी पैलेस, जगदीश मन्दिर,लोक कला मंडल, बाहुबली हिल्स एवं



सात सहेलियों की बाड़ी सहित शहर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध सिटी मॉल एवं हस्तकला बाजार में खरीदारी की और उदयपुर की संस्कृति एवं स्थानीय कला को करीब से जाना। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मनोरंजन के साथ-साथ ऐतिहासिक धरोहरों, कला एवं संस्कृति से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।प्रधानाचार्य ई. के. जोशी ने सफल शैक्षणिक भ्रमण के लिए सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी। भ्रमण के दौरान जो स्टाफ सदस्य साथ थे उन्होंने ने विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं सहित उदयपुर की ऐतिहासिक जानकारी भी विशेष तौर पर विधार्थियों को देकर उद्देश्य गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास कराना था।इस प्रकार के भ्रमण से बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होते हैं तथा उनमें आत्मनिर्भरता, अनुशासन, आपसी सहयोग और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

लाइब्रेरी में नियमित पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग की, एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की लाइब्रेरी में पाठ्यक्रम के अनुसार पर्याप्त पुस्तकें उपलब्ध कराने और विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई ने प्राचार्य संगीता गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। परिषद ने महाविद्यालय प्रशासन को समस्याओं के निराकरण के लिए 15 दिन का समय दिया है। निर्धारित अवधि में मांगें पूरी नहीं होने पर पुनः प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई। ज्ञापन में बताया गया कि महाविद्यालय की लाइब्रेरी में पाठ्यक्रम के अनुसार आवश्यक पुस्तकें पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं होने से विद्यार्थियों को पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी में परेशानी हो रही है। कई बार समय पर पुस्तकें नहीं मिलने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है। विद्यार्थी परिषद ने मांग की कि लाइब्रेरी में सभी विषयों की आवश्यक पुस्तकें पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही पुस्तक वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए और विद्यार्थियों को लाइब्रेरी की सुविधाओं एवं पुस्तक वितरण संबंधी नियमों की स्पष्ट जानकारी दी जाए।

विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होनी चाहिए

भाग संयोजक तुषार चैहान ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी के लिए आवश्यक पुस्तकें समय पर मिलना जरूरी है। लाइब्रेरी में पर्याप्त पुस्तकें उपलब्ध नहीं होने से विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। महाविद्यालय प्रशासन को इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान करना चाहिए, ताकि किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि परिषद ने प्रशासन को 15 दिन का समय दिया है। इस अवधि में समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर विद्यार्थियों के हित में आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान कॉलेज मंत्री अरुण भीलालाम, दुर्गेश चंद्रवंशी सहित विद्यार्थी परिषद के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

37वीं क्षेत्रीय प्रतियोगिता आयोजित

राजगढ़ के खिलाड़ियों ने लहराया परचम 13 अखिल भारतीय स्तर के लिए चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर

उज्जैन के मारुतिगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित 37वीं क्षेत्रीय कराते, जिम्नास्टिक और तीरंदाजी प्रतियोगिता में राजगढ़ विद्यालय के 23 भैया-बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। महाकौशल, मालवा, छत्तीसगढ़ और मध्यभारत प्रांत के बीच हुए इस कड़े मुकाबले में राजगढ़ के 13 खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी खुशबू परिहार, रुद्र प्रताप सिंह खींची, अभय रावत, योगेंद्र वर्मा, वरुण गुजराती, जितेन्द्र सोधिया, अशोक वर्मा, मोहित चैहान, जीवन सिंह वर्मा, देवराज वर्मा, अरुण भील, आशुतोष पंचोली और वरुण साहू हैं। इन सभी 13 बच्चों का चयन नवंबर में देवास में होने वाली अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

इसके अलावा प्रतियोगिता में अमन वर्मा, प्रवीण शर्मा, देवराज तंवर, भूपेंद्र प्रजापति, निखिल पिपलोटीया, हरिओम तोमर, आरती चैहान व वैभवी प्रजापति ने द्वितीय स्थान तथा कृष्णपाल प्रजापति व मयंक सिंह तोमर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 13 खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य महेंद्र सोलंकी, कोच अंकित विश्वकर्मा, सहयोगी हर्षित वर्मा और देवराज तंवर ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



सुहागिन महिलाएं रखेंगी व्रत, करवा, छलनी और पूजन सामग्री की दुकानों पर रही भीड़

आज करवा चौथ का व्रत, चंद्र दर्शन पर रहेगी नजरें



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

करवा चौथ पर्व को लेकर नगर के बाजारों में बुधवार को खासी रौनक देखने को मिली। पति की लंबी आयु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के साथ मनाए जाने वाले इस पर्व की तैयारियों में सुहागिन महिलाएं जुटी रहीं। बुधवार को नगर के हाट बाजार सहित प्रमुख बाजारों में महिलाओं ने करवा चौथ की पूजा के लिए करवा, छलनी, पूजन सामग्री और श्रृंगार की वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। आज गुरुवार को महिलाएं व्रत रखकर विधि-विधान से करवा माता की पूजा-अर्चना करेंगी।

पूजन सामग्री की दुकानों पर उमड़ी भीड़-करवा चौथ को लेकर बाजारों में जगह-जगह पूजन सामग्री की दुकानें सजी हुई हैं। दुकानों पर मिट्टी के करवे, छलनी, पूजा की थाली, दीपक, रोली, कुमकुम सहित अन्य पूजन सामग्री उपलब्ध रही। बुधवार को खरीदारी के लिए बाजारों में महिलाओं की चहल-पहल बनी रही। महिलाओं ने अपनी जरूरत और पसंद के अनुसार पूजा सामग्री खरीदी। वहीं, चूड़ियों, मेहंदी, साड़ियों और अन्य श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही देखने को मिली। त्योहार की तैयारियों के चलते बाजारों में दिनभर रौनक छाई रही।

पति की लंबी आयु के लिए रखेंगी व्रत-करवा चौथ का पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए व्रत रखती हैं। परंपरा के अनुसार महिलाएं दिनभर उपवास रखकर शाम को करवा माता की पूजा-अर्चना करती हैं और रात्रि में चंद्रमा के दर्शन एवं पूजन के बाद व्रत खोलती हैं। पर्व को लेकर महिलाएं घरों में भी तैयारियों में जुटी हुई हैं। कई महिलाएं पारंपरिक परिधान और सोलह श्रृंगार के साथ पूजा करने की तैयारी कर रही हैं।

खरीदारी से बाजारों में बढ़ी रौनक-करवा चौथ के चलते बुधवार को बाजारों में बढ़ी ग्राहकी से दुकानदारों में भी उत्साह देखने को मिला। पूजन सामग्री और श्रृंगार की दुकानों पर महिलाओं की आवाजाही से बाजार गुलजार नजर आए। बुधवार को खरीदारी का दौर चला, जबकि आज गुरुवार को करवाचैथ का व्रत रखा जाएगा। पर्व को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बना हुआ है।